जब तुम में से कोई खाना खा चुके, तो अपना हाथ चाटे अथवा चटवाए बिना साफ़ किए।

अब्दुल्लाह बिन अब्बास- रज़ियल्लाहु अन्हुमा- कहते हैं कि नबी- सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- ने फरमायाः "जब तुम में से कोई खाना खा चुके, तो अपना हाथ चाटे अथवा चटवाए बिना साफ़ किए।"
[सह़ीह़] [इसे बुख़ारी एवं मुस्लिम ने रिवायत किया है।]

नबी -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- ने खाने वाले को आदेश दिया कि खाने के पश्चात हाथ चाटे अथवा चटवाए बिना धोए। इसका कारण कई हदीसों में है कि उसे ज्ञान नहीं है कि किस खाने में बरकत है। इसी कारण नबी -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- ने उंगलियों को चाटने का आदेश दिया, होसकता है बरकत उंगलियों में लगे खाने के किसी अंश में हो।

https://sunnah.global/hadeeth/hi/show/2935